राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 18 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन कल दिनांक 19 फरवरी, 2022 को जयपुर के स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान सहप्रभारी श्री तरूण कुमार सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यगण, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यगण, विधायक/विधायक प्रत्याशीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्षगण, बोर्ड/निगम के अध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष/संयोजकगण, डिजिटल सदस्यता अभियान के कोर्डिनेटर व को-कोर्डिनेटर तथा सोशल मीडिया के प्रदेश कोर्डिनेटर शामिल होंगे।

अधिवेशन में दो सत्र आयोजित होंगे। अधिवेशन में प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत करने के साथ ही राजस्थान सरकार की तीन वर्ष की उपलब्धियों एवं केन्द्र सरकार की विफलताओं पर उद्बोधन दिया जायेगा। अधविशेन में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालने के साथ ही डिजिटल सदस्यता अभियान से जुड़े तकनीकी पहलू की जानकारी स्लाईड शो के माध्यम से प्रदान की जायेगी। अधिवेशन में राजस्थान सरकार के आगामी बजट हेतु प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित सुझाव प्रदान किये जाने के साथ सामाजिक सुरक्षा के लिये राज्य सरकार द्वारा बनाई गई विभिन्न योजनाओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये जायेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 18 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री जयनारायण व्यास की जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मंत्री डॉ. महेश जोशी, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, प्रवक्ता श्री आर. सी. चौधरी, स्वर्णिम चतुर्वेदी, सचिव श्री जसवंत गुर्जर, श्री प्रशांत सहदेव शर्मा, श्री फूलसिंह ओला, श्री महेन्द्रसिंह खेड़ी, श्री मुमताज मसीह, श्री महेश शर्मा, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री रमेश बोराणा, श्री मोहन डागर, श्री अय्यूब खान, श्री गोपाल केसावत, श्री वीरेन्द्र पूनियां, श्री हरदीप सिंह चहल, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री मोहम्मद इकबाल, श्री हवासिंह बुगालिया, श्री सत्येन्द्रसिंह जादौन, श्री हरेन्द्रपाल सिंह जादौन, श्री शरीफ खान, श्री पंकज दाधीच, श्री दीपक धीर, श्री लादूराम बैरवा, श्री मित्रोदय गाँधी, श्री जयकिशन, श्री मनोज चौहान, श्री राजू खान, श्री रईस खान, श्री आनन्द व्यास, श्री धनसिंह नरूका सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. श्री जयनारायण व्यास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि दी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 18 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री गोकुल भाई भट्ट की जयन्ती के अवसर पर कल दिनांक 19 फरवरी, 2022 शनिवार को प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter